KHAJURAHO MINERALS PVT. LTD.

KM Group Since 1985

Mine owner, Manufacturers & Suppliers of all kind of Micronised Minerals

www.kmgroup.asia

क्रमांक/ 499 /के.एम.पी.एल./2018 छतरपुर, दिनांक 15-01-2019

प्रति,

श्रीमान् वन मण्डलाधिकारी महोदय
सामान्य वनमण्डल टीकमगढ़
जिला – टीकमगढ़ (म.प्र.)

विषय :– वन खण्ड माचीगढ़, वनकक्ष क्रमांक 262, रकवा 19.000 हेक्टेयर, वन परिक्षेत्र जतारा, वनमण्डल टीकमगढ़ खनिज डायस्पोर/पायरोफिलाइट उत्खनि पटटा हेतु वनभूमि प्रत्यावर्तन का वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् ऑनलाईन प्रस्ताव की हार्डप्रति।

सन्दर्भ :– ऑनलाईन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/MIN/35 835/2018 की एकनोलेज मेंट स्लिप।

महोदय,

विषयांकित वनकक्ष क्रमांक 262, रकवा 19.000 हेक्टेयर, खनिज डायस्पोर/पायरोफिलाइट उत्खनि पटटा के लिये वनभूमि का वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् ऑनलाईन दिनांक 24.09.2018 को प्रेषित प्रस्ताव की नियमानुसार हॉर्डकापी समस्त आवश्यक संलग्नक सहित (संलग्न सूची अनुसार) पांच प्रतियों में प्रेषित किया जा रहा है। इसके पूर्व, उस समय के नियमानुसार उक्त प्रस्ताव कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला टीकमगढ़ के माध्यम से, पंजीयन शुल्क के मूल डी.डी. नं. 838411 दि. 24.06.2014 रुपया 5000.00, प्रोसेसिंग शुल्क का मूल डी.डी. नं. 838412 दि. 24.06.2014 रुपया 150000.00 के साथ प्रेषित किया गया था। जिसमें मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय भोपाल से उत्खनि पटटा स्वीकृति की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त न होने के कारण प्रस्ताव .. नोडल अधिकारी द्वारा भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित नहीं किया गया।

मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 3–25/2018/12/1 दि. 04.07.2018 से उत्खनि पटटा स्वीकृति हेतु सहमति दी गई। जिससे पुनः उक्त प्रस्ताव को खनिज डायस्पोर/पायरोफिलाइट उत्खनि पटटा को वन भूमि प्रत्यावर्तन के लिये ऑनलाईन आवेदन किया गया। जिसकी हार्डप्रति अग्रिम कार्यवाही हेतु समस्त पत्रों सहित सम्प्रेषित है। कृपया प्रस्ताव को स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही हेतु पूर्ति कर अपनी अनुशंसा सहित वरिष्ठ को प्रेषित करने की कृपा करें।

संलग्न :– 1. प्रस्ताव की हार्डकापी संलग्नक सहित 5 प्रतियों में।
2. संलग्नक सूची

" धन्यवाद "

भवदीय
वास्ते:– खजुराहो मिनरल्स प्रा.लि.
निदेशक

प्रतिलिपि :– 1. प्रधान मुख्य वनसंरक्षक महोदय (कक्ष–भू–प्रबंध) भोपाल को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वनसंरक्षक महोदय वन वृत्त छतरपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. वन मण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल छतरपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. कलेक्टर खनिज शाखा, जिला टीकमगढ़ को ऑनलाईन प्रस्ताव की एक प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

Post box no.24
Chhatarpur-471001
MP. India.

Office: 07682-241589, 243884, 243885, 248751
Fax: 07682-243883
Mailing Address: contact@kmgroup.asia